**SAMPLE QUESTION PAPER 2023-24**

# CLASS XII

# BUSINESS STUDIES

## व्यावसायिक अध्ययन

## SET-B

**[TIME ALLOWED: 3 HOURS]** **[MM- 80]**

<u>सामान्य निर्देश</u>:

1. इस प्रश्न पत्र में 34 प्रश्न हैं।

2. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं।

3. उत्तर संक्षिप्त और सटीक होने चाहिए।

4. 3 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 75 शब्दों में लिखें।

5. 4 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखें।

6. 6 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखें।

7. प्रश्नों के सभी भागों को एक साथ हल करें।

8. प्रश्न 23,24,29,30,33,34 में आंतरिक विकल्प उपलब्ध है।

**<u>General Instructions:</u>**

1. This question paper contains 34 questions.
2. Marks are indicated against each question.
3. Answers should be brief and to the point.
4. Answers to the questions carrying 3 marks may be from 50 to 75 words.
5. Answers to the questions carrying 4 marks may be about 150 words.
6. Answers to the questions carrying 6 marks may be about 200 words.
7. Attempt all parts of the questions together.
8. An internal choice is available in Que 23,24,29,30,33.

प्र0–1 निम्नलिखित में से कौन सा कार्य प्रबंध का मुख्य कार्य नहीं है। (1)

| | | | |
|---|---|---|---|
| क– | नियोजन | ख– | नियंत्रण |
| ग– | नियुक्तिकरण | घ– | सुझाव |

Which is not a main function of Management

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | Planning | b) | Controlling |
| c) | Staffing | d) | Suggestion |

प्र0–2 .................. पूर्ण मानसिक परिवर्तन लाने में सहायक है। (1)

__________ helps in maintaining complete mental change.

प्र0–3 'बचत व निवेश दर' राजनीतिक वातावरण का एक घटक है। (सत्य / असत्य) (1)

'Savings and Investments' are Important factors of Political environment (True/False)

प्र0–4 नियम .................. विवरण होते हैं। (1)

Rules are ____________ description.

प्र0–5 'कर्मचारियों की तरक्की का आधार उनकी आयु होगी।' यह बात निम्न में से किस नीति से संबंधित है? (1)

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | मूल्य निर्धारण | ख) | विक्रय |
| ग) | सेविवर्गीय | घ) | उपरोक्त में से कोई |

'Age will be the criteria of Employees promotion. This policy is related to:

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | Price Determination | b) | Sales |
| c) | Personnel | d) | None of the above |

प्र0–6 ''प्रबंध के एक कार्य को प्रबंध का एक यंत्र / मशीन माना जाता है।'' इस कार्य को पहचानिए। (1)

"One of the function of management is called tool of management. Identify the function.

प्र0–7 निम्न में से कौन सी औपचारिक संगठन की एक हानि नहीं है? (1)

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | पहल शक्ति का अभाव | ख– | संबंधों का मशीनीकरण |
| ग– | कार्य में देरी | घ– | पक्षपात में कमी |

Which of the following is not a limitation of formal organization?

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | Lack of Initiative | b) | Formal relation |
| c) | Delay in work | d) | Lack of Prejudice |

प्र0–8 'नारायण मूर्ति के अनुसार हमारी संपतियाँ प्रत्येक सायंकाल संस्था के दरवाजे से बाहर चली जाती है। हमें निश्चित करना होगा कि अगली सुबह वे उसी दरवाजे से बाहर आएं। यहां संपतियां शब्द निम्न में से किसके लिए प्रयोग किया गया है? (1)

| | | | |
|---|---|---|---|
| क– | माल | ख– | गाड़ियाँ |
| ग– | कर्मचारी | घ– | उपरोक्त सभी |

"Our Assets walk out of the door each evening. We have to make sure that they come back the next morning" as started by Narayan Murthy. Here, what does the mean by Assets:

a) Inventory　　b) Vehicles

c) Employees　　d) All of the Above

प्र0–9 .................... प्रशिक्षण में निर्वाह भता दिया जाता है। (1)

Stipend is given in ____________ training.

प्र0–10 यह आवश्यकता क्रम श्रृंखला में सबसे उच्चस्तरीय आवश्यकता है। यह एक व्यक्ति के अंदर विद्यमान योग्यता जो वह बन सकता है की भावना को बताती है। यहाँ मास्लो की आवश्यकता क्रम की कौन–सी आवश्यकता की बात कही गई है। (1)

क– सुरक्षा आवश्यकता　　ख– संबंधन आवश्यकता

ग– सम्मान आवश्यकता　　घ– आत्म प्राप्ति आवश्यकता

These needs are the top most level needs in the hierarchy of motivation theory. This need refers to reaching to the aim of your life. Identify the need according to the Maslow's hierarchy

a) Safety Needs　　b) Belonging Needs

c) Esteem Needs　　d) Self Actualization Needs

प्र0–11 सही विकल्प चुने। (1)

अभिकथन–(A) संप्रेषण निर्णय लेने के लिए जरुरी सूचना प्रदान करता है।

कारण– (R) संप्रेषण नियोजन के अनुसार होता है।

(A) अभिकथन और कारण (R) सही है लेकिन कारण (R) और अभिकथन (A)का सही स्पष्टीकरण नहीं हे।

(B) कारण (R) और अभिकथन (A) सही है और कारण (R) अभिकान (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(C) केवल अभिकथन (A) सही है।

(D) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही नहीं है।

Q.11 Choose the correct option:

Assertion (A): Communication provides needed information for decision making.

Reason (R): Communication Acts on the Basis of Planning.

a) Assertion (A) and Reason (R) are correct but Reason (R) is not correct explanation of Assertion (A)

b) Both Reason (R) and Assertion (A) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A)

c) Only Assertion (A) is correct

d) Both Assertion (A) and Reason (R) are not correct

प्र0–12 नियंत्रण और नियोजन परस्पर सम्बन्धित है। सत्य/असत्य (1)

Planning and Controlling are inter-related (true/false)

प्र0–13 उस वितीय प्रक्रिया का नाम बताए जो सुनिश्चित करती है कि धन की उपलब्धता सही समय पर हो। (1)

Name the financial activity that ensures availability of funds whenever these are required.

प्र0–14 अभिकथन : (A) पूंजी ढांचा महत्वपूर्ण निर्णय और बहुत ही सावधानी से लेने चाहिए। (1)

कारण (R) विनियोग निर्णय कंपनी की दीर्घकालीन उपार्जन क्षमता को प्रभावित करती है और इन्हें वापिस लेना काफी महंगा होता है।

(A) अभिकथन और कारण (R) सही है लेकिन कारण (R) और अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(B) कारण (R) और अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) केवल अभिकथन (A) सही है।

(D) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही नहीं है।

Assertion (A): Capital Budgeting decisions are very crucial and must be taken with utmost care.

Reason (R): Investment decisions effect the earning capacity of the company over the long run and are irreversible expect at a huge cost.

Choose the correct option:

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and reason is not the current explanation.

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation.

(C) Only Assertion (A) is correct

(D) Assertion (A) and Reason (R) both are not correct.

प्र0–15 निम्नलिखित में से कौन सा नियंत्रण का महत्व नहीं है? (1)

क– यह व्यवस्था और अनुशासन सुनिश्चित करता है।

ख– यह समन्वय स्थापित करने में सहायक नहीं है।

ग– यह प्रमापों की शुद्धता की जांच करता है।

घ– यह कर्मचारियों की अभिप्रेरणा में सुधार लाता है।

Which of the following is not the importance of controlling function?

a) It ensures order and discipline

b) It restricts co-ordination in action

c) It helps in judging accuracy of standards

d) It improves employees motivation.

प्र0–16 सामाजिक विपणन विचारधारा ................ सुनिश्चित करती है। (1)

| | | | |
|---|---|---|---|
| क– | मूल्य | ख– | मांग |
| ग– | उचित गुणतवा के साथ कम कीमत | घ– | सेवा वस्तुएं |

To social aspect of marketing is to ensure __________

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | Price | b) | Demand |
| c) | Low price with high quality | d) | Service goods |

प्र0–17 कौन सी विपणन अवधारणा माल की गुणतवा पर जोर देती है? (1)

Which aspect of marketing ensures quality of products?

प्र0–18 उपभोक्ताओं के अधिकार संरक्षित किये जाते हैं। (1)

क– उपभेक्ता संरक्षण अधिनियम 2016

ख– उपभेक्ता संरक्षण अधिनियम 2019

ग– उपभेक्ता संरक्षण अधिनियम 2015

घ– उपभेक्ता संरक्षण अधिनियम 2017

Rights of consumers are protected under

a) Consumer protection Act, 2016

b) Consumer protection Act, 2019

c) Consumer protection Act, 2015

d) Consumer protection Act, 2017

प्र0–19 आई एस आई मार्क का इस्तेमाल ............ समान के लिए किया जाता है। (1)

ISI mark is used for ___________ products.

प्र0–20 क्रेता स्वयं चौकन्ना रहे के स्थान पर विक्रेता को चौकन्ना रहना चाहिए ने ले लिया है। सत्य/असत्य (1)

Let the seller beware has replaced let the buyer beware (True/False)

प्र0–21 विमुद्रीकरण से आप क्या समझते हैं? विमुद्रीकरण के कोई–2 मुख्य प्रभावों का वर्णन करें। (3)

Explain the concept of Demonetization and any 2 impacts of Demonetization

OR

समष्टि वातावरण के किन्हीं 3 घटकों का वर्णन करो। (3)

Explain any 3 components of Macro Environment.

प्र0–22 औद्योगिक की कोई तीन विशेषताएं लिखिए। (3)

Write any 3 features of Industrial product.

OR

वितरण के माध्यम से चयन को प्रभावित करने वाले कोई 3 घटकों का उल्लेख कीजिए। (3)

State any 3 factors affecting the selection of channel of Distribution.

प्र0–23 किसी व्यवसायिक उद्यम के पूंजी ढांचे के चयन को प्रभावित करने वाले किन्हीं 3 घटकों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। (3)

Explain briefly any 3 factors which affect the choice of capital structure of Business Enterprises.

प्र0–24 लाभांश निर्णय को प्रभावित करने वाले 3 कारकों का वर्णन करे। (3)

Explain any 3 factors affecting divided decisions.

प्र0–25 फेयोल द्वारा दिए गए प्रबंध के निम्नलिखित सिद्धांतों का उदाहरण सहित वर्णन करो। (4)

क– सहयोग की भावना    ख– पहल क्षमता

Explain the principles of Management given by Fayol with example

a) Espirit De corps    b) Initiative

OR

वैज्ञानिक प्रबंध की पद्धतियों का विस्तारपूर्वक वर्णन करो। (4)

क– प्रमापीकरण    ख– विभेदात्मक मजदूरी प्रणाली

Explain in details Techniques of scientific management

a) Standardization    b) Differential piece wage system

प्र0–26 औपचारिक संगठन का क्या अर्थ है? औपचारिक संगठन की कोई तीन लाभ बताइए। (4)

What is meant by formal organization? State any 3 advantages of formal organization.

OR

अनौपचारिक संगठन का क्या अर्थ है? अनौपचारिक संगठन की कोई 3 विशेषताएं बताइए। (4)

What is meant by Informal organization? Explain any 3 features of Informal Organization.

प्र0–27 प्रबंध का कौन सा कार्य उचित व्यक्तियों की उपलब्धि और उनकी उचित काम पर नियुक्ति में सहायता करता है? इस कार्य के महत्व के किन्हीं 3 बिन्दुओं का वर्णन करो। (4)

Which function of management helps in obtaining right people and putting them on the right jobs? Explain any 3 points of Importance of this function.

प्र0–28 ''नियंत्रण प्रबंध का एक अभिन्न कार्य है।'' अपने उतर के समर्थन में नियंत्रण के कोई 4 महत्व लिखो। (4)

"Controlling is an indispensable function of management." Given any 4 points of importance of controlling in support of your answer.

प्र0–29 ''वित्तीय प्रबंध का क्या अर्थ है?'' विनियोग निर्णयों को प्रभावित करने वाले किन्हीं 3 घटकों का वर्णन करो। (4)

What is meant by financial management. Explain any 3 factors affecting investment decision.

प्र0–30 उपभोक्ता संरक्षण के कोई 4 महत्व बताइए। (4)

Explain any 4 points of Importance of consumer protection.

प्र0–31 प्रबंध से आपका क्या अभिप्राय है? इसकी कोई 4 सीमाओं का वर्णन कीजिए। (6)

What do you understand by management? Explain any 4 limitations of it.

OR

एक पेशे के रुप में प्रबंध की मुख्य विशेषताओं का वर्णन करो। (6)

Discuss the basic features of management as a profession (any 4)

प्र0–32 नियोजन का अर्थ बताइए और किन्हीं 4 विशेषताओं का वर्णन करो। (6)

Explain the meaning and any 4 features of planning.

OR

उद्देश्यों और नीति से आपका क्या अभिप्राय है? उद्देश्य और नीति में कोई 4 अंतर बताइए। (6)

What do you mean by objectives and policies? Explain any 4 differences between them.

प्र0–33 नेतृत्व क्या है? इसकी कोई 4 विशेषताओं का वर्णन करो। (6)

Define Leadership and explain its any 4 characteristics.

प्र0–34 विपणन और विक्रय दोनों का उद्देश्य लाभ को अधिकतम करना है। फिर भी दोनों की पहुंच भिन्न–भिन्न है। दोनों के बीच कोई छः अंतर बताते हुए अन्तर्भेद कीजिए। (6)

The aim of Marketing and selling is to maximize profit. Yet they differ in their approach. Differentiate between the two by giving any six differences.